बिहार सरकार
कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय
गृह विभाग (कारा)

शुद्धिपत्र (CORRIGENDUM)

प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर एवं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पदों पर संविदा आधारित नियोजन संबंधी पूर्व में प्रकशित विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र (CORRIGENDUM)

कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, बिहार के अंतर्गत प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर एवं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पदों पर संविदा आधारित नियोजन संबंधी विज्ञापन जो सूचना एवं जन संपर्क विभाग के विज्ञापन आई०डी० संख्या–6706 (गृह) 16–17, बिहार द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी, इस संबंध में इस विज्ञापन की कंडिका–2 पर अंकित शैक्षणिक एवं आवश्यक योग्यतायें की उप कंडिका–2.1, 2.2 एवं 2.3 में निम्नवत् संशोधन किया जाता है:–

(क) **न्यूनतम शैक्षणिक एवं आवश्यक योग्यताएँ:–**

2.1 **प्रोग्रामर:–**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री इन कम्प्यूटर साईस एवं इंजीनियरिंग अथवा एम०सी०ए०/एम०एस०सी० (आई०टी०) अथवा समकक्ष डिग्री के साथ तीन वर्षों का डाटा प्रोसेसिंग का अनुभव अनिवार्य होगा।

2.2 **सहायक प्रोग्रामर:–**
किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बी०सी०ए०/बी०एस०सी० (आई०टी०) एवं समकक्ष डिग्री अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक के साथ पी०जी०डी०सी०ए० एवं दो वर्षों के डाटा प्रोसेसिंग के अनुभव का होना अनिवार्य होगा।

2.3 **डाटा इन्ट्री ऑपरेटर:–**

(i) इन्टर उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में एक वर्षीय डिप्लोमा।

अथवा

मैट्रिक उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त पोलिटेक्नीक से कम्प्यूटर साईस में तीन वर्षीय डिप्लोमा।

अथवा

राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पर्षद द्वारा Computer Science & Engineering/ Computer Application/ Information Technology शाखा में प्रदत्त तीन वर्षीय डिप्लोमा।

(ii) M.S. Office का ज्ञान अनिवार्य।

(iii) टंकण गति– हिन्दी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी टंकण में 40 शब्द प्रति मिनट।
(सुयोग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर टंकण गति सीमा को क्षान्त किया जा सकता है)

(ख) उपर्युक्त कंडिका में अंकित शैक्षणिक योग्यताएँ न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएँ हैं अर्थात् इन योग्यताओं से उच्चत्तर योग्यताएँ (उसी Field/Branch/Course/कोटि से संबंधित) रखने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र होंगे तथा उनके आवेदन की भी मान्यता दी जाएगी। उदाहरण के तौर पर यदि कोई अभ्यर्थी सहायक प्रोग्रामर पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता बी०सी०ए०/बी०एस०सी० (आई०टी०) से उच्चत्तर डिग्री अर्थात् डिग्री इन कम्प्यूटर साईस एवं इंजीनियरिंग अथवा एम०सी०ए०/एम०एस०सी० (आई०टी०) धारित कर्त्ता हो तो वह भी सहायक प्रोग्रामर के पद पर आवेदन हेतु पात्र होगा।

(ग) **उक्त आलोक में Online Registration की तिथि दिनांक 25.10.2016 तक विस्तारित की जाती है।**

(घ) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित संविदा की अवधि 11 माह की होगी। सेवा संतोषप्रद रहने की स्थिति में तथा आवश्यकता रहने पर संविदा विस्तारित की जाएगी।

(ङ) विज्ञापन की शेष शर्त्तें यथावत् रहेगी।

29.9.16

(राजीव वर्मा),
संयुक्त सचिव–सह–निदेशक (प्र०),
बिहार, पटना।